प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
लखनऊ, सोमवार, 25 मई 2020, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12
उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित
ईद–उल–फितर का त्योहार आज, सभी को दिली मुबारकबाद

लाकडाउन में अनोखे ढंग से मनाई शादी की सालगिरह

लखनऊ-प्रभात

कोरोना संक्रमण वैश्विक महामारी का भारतवर्ष में संक्रमण की संख्या दिनोदिन तेजी आ रही है जो अब 125,000 से अधिक हो गयी है। इसका मुख्य कारण मजदूरो का दूसरे प्रदेशों से वापस जाने का सिलसिले में कदाचित हो रही दिनोंदिन बढ़ोतरी है जो थमने का नाम नही ले रही है। यद्यपि लाकडाउन–4 पूरे देश में लागू होने के साथ–साथ देश की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दुकानों व निजी कार्यालयों को खोलने की इजाजत कुछ शर्तो के साथ दे रखी हैं जिसमें कोरोना के नियमों का पालन किया जाना जरूरी होगा। इन नियमों के अनुपालन व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सरकरी तंत्र के साथ–साथ समाजसेवी संस्थाएं संगठन अपने स्तर से भी बड़ी तत्परता से सेवाभाव में जुटी हुयी हैं।

विराम खंड.5 गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के सचिव आरएस मिश्रा के शादी की सालगिरह पर उन्होंने विराम खण्ड–5, के आसपास मौजूद जरूरतमंद ग़रीब व बेसहारा लोगों को आवश्यक राशन सामग्री के 60 अदद पैकेट अपनी पत्नी के साथ वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव, राघवेंद्र शुक्ला व विराम खण्ड.5 जनकल्याण समिति के पदाधिकारी, डॉ.भरत राज सिंह पर्यावरणविद सलाहकार और प्रचार–सचिव ने रामदरबार के फोटो फ्रेम व एसबीएल मल्होत्रा सहायक सचिव फूलों का उपहार देकर सम्मिलत हुये।